जैन विश्वभारती संस्थान, लाडनूँ

पत्र क्रमांक : जै.वि.भा.सं./प.अ./2026–27/1358 दिनांक–04.11.2026

दीक्षान्त समारोह–सूचना

प्रिय विद्यार्थी,

संस्थान के अनुशास्ता परम पूज्य आचार्य श्री महाश्रमणजी के सान्निध्य में जैन विश्वभारती संस्थान का 17वाँ दीक्षान्त समारोह नवम्बर 19, 2026 सुधर्मा सभा, जैन विश्व भारती परिसर, लाडनूँ, राजस्थान में आयोजित होने जा रहा है। दीक्षान्त समारोह में पी–एच.डी. की उपाधि हेतु योग्य घोषित शोधार्थियों को उपाधियां तथा स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों (नियमित पाठ्यक्रम 2026/दूरस्थ पाठ्यक्रम 2025) में योग्य घोषित विद्यार्थियों को उपाधियाँ तथा नियमित पाठ्यक्रमों में नियमानुसार प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों (सूची संस्थान की वेबसाइट www.jvbi.ac.in पर उपलब्ध है) को स्वर्ण पदक एवं वरीयता प्रमाण पत्र तथा द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को वरीयता प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाऐंगे।

प्रसन्नता है कि आपको इस संस्थान की स्नातक/स्नातकोत्तर/पी–एच.डी. की उपाधि हेतु योग्य घोषित किया गया है, इसलिए दीक्षान्त समारोह में आपकी उपस्थिति आवश्यक है। उपस्थित सभी सदस्यों को समवेत रूप से दीक्षान्त समारोह में शपथ ग्रहण करवाई जाएगी। जो विद्यार्थी दीक्षान्त समारोह में उपस्थित रहेंगे, वे अपनी उपाधि अपना फोटो पहचान पत्र दिखाकर व्यक्तिशः प्राप्त कर सकेंगे।

कृपया निम्न बिन्दुओं पर ध्यान दें –

(1) दीक्षान्त समारोह में अपनी उपस्थिति की सूचना/पंजीयन convocationjvbi@gmail.com पर दिनाँक 12 **नवम्बर, 2026** तक भिजवावें। पूर्व सूचना एवं पंजीयन के अभाव में किसी भी विद्यार्थी को यदि दीक्षान्त समारोह में सम्मिलित नहीं किया जा सका तो इसका दायित्व संस्थान का नहीं होगा।

(2) वर्ष 2021 में या उसके बाद उत्तीर्ण स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों (नियमित/दूरस्थ) का उपाधि शुल्क पूर्व से जमा है अतः इन विद्यार्थियों को उपाधि शुल्क पुनः जमा करवाने की आव"यकता नहीं है और न ही उपाधि आवेदन पत्र भरने की अपेक्षा है। उन्हें उपाधि प्रवे"ा के समय दिए गये पते पर यथा"ाीघ्र डाक द्वारा प्रेषित कर दी जायेगी।

(3) शोधार्थियों को उपाधि शुल्क एवं उपाधि आवेदन पत्र नियमानुसार जमा करवाना आव"यक है। उपाधि प्राप्ति हेतु उपरोक्त https://forms.gle/BzXdv1BvC2JMm6EU9 (Online Google Form), https://www.jvbi.ac.in/storage/menu-files/degree-application-form-offline-1789107024.pdf (Offline form) लिंक के माध्यम से उपाधि आवेदन पत्र दिनाँक 12 **नवम्बर, 2026** तक निर्देशानुसार भरकर आव"यकतानुसार निर्धारित शुल्क की रसीद एवं पी–एच.डी. अधिसूचना पत्र (Notification Letter) की छायाप्रति के साथ व्यक्ति"ाः अथवा डाक द्वारा परीक्षा अनुभाग को अनिवार्य रूप से भेजना है।

(4) पी–एच.डी. शोधार्थी उपाधि शुल्क रू. 500 (व्यक्ति"ाः उपस्थित होने पर) अथवा रू. 600 (डाक द्वारा मंगवाने पर) का डिमाण्ड ड्राफ्ट कुलसचिव, जैन विश्वभारती संस्थान, लाडनूँ (Registrar, Jain Vishva Bharati Institute, Ladnun) के नाम से बनवा कर प्रेषित करावें अथवा ऑनलाइन भुगतान पत्राचार पाठ्यक्रमों के विद्यार्थी पंजाब ने"ानल बैंक, लाडनूँ बचत खाता नं. 10272111000010, शाखा कोड 00102710, IFSC-PUNB0102710 में तथा नियमित पाठ्यक्रमों के विद्यार्थी स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, लाडनूँ बचत खाता नं. 35973757555, शाखा कोड 007093, IFSC-SBIN0007093 में जमा करवा सकते हैं।**(जिनका शुल्क जमा नही हैं।)**

(5) दीक्षान्त समारोह में भाग लेने वाले छात्रों को खादी के सफेद कुर्ता–पायजामा एवं छात्राओं को सफेद सलवार–कमीज मय लाल चुन्नी/क्रीम कलर की साड़ी पहनना अनिवार्य है। आपसे अनुरोध है कि समारोह की मर्यादा के दृष्टिगत् उक्त निर्धारित पो"ााक की अनुपालना सुनि"चित करें। दीक्षान्त समारोह में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को उत्तरीय संस्थान द्वारा दिया जाएगा। जिसके लिए अग्रिम राशि रुपये 100/– नकद जमा कराने होंगे। उत्तरीय दीक्षान्त समारोह के कार्यक्रम में धारण करना होगा।

(6) किसी भी परिस्थिति में उपाधि विद्यार्थी के अलावा किसी अन्य विद्यार्थी/व्यक्ति/रिश्तेदार/सम्प्रसारक को नहीं दी जाएगी।

(7) आवास की जानकारी के अलावा किसी अन्य जानकारी हेतु 9462658601/convocationjvbi@gmail.com पर सम्पर्क किया जा सकता है।

(8) स"ाुल्क आवास व्यवस्था हेतु नीचे दिये गये प्रवास स्थल के न. पर सम्पर्क करें ।

दीक्षान्त समारोह–स्थल
आचार्य श्री महाश्रमण चातुर्मास प्रवास व्यवस्था समिति,
जैन विश्व भारती परिसर,
लाडनूं, जिला– कुचामन–डीडवाना, राजस्थान
सम्पर्क सूत्र : 9687692484

(डॉ. सत्यनारायण भारद्वाज)
परीक्षा नियंत्रक